हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 17 मार्च 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री


11 मोर पास कुरुद के जन्मपत्री है अउ अजय चंद्राकर अगला...



12 थोक मंडी बंद रहने से चिल्हर बाजार में हरी सब्जियों के...




## खबर संक्षेप

### भैंसमुंडी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 19 से

**मगरलोड।** सहेली महिला स्वसहायता समूह के तत्वावधान में 19 से 27 मार्च तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन शिव चौक आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्र. 7 के पास नपं भैंसमुंडी मगरलोड में किया जा रहा है। प्रवचनकर्ता पं. जगमोहन महाराज रायपुर लचकेरा व परायणकर्ता अमृत महाराज ग्राम लचकेरा होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में देवकुमारी, देवबती, बसंता, महेश्वरी, दुलेश्वरी, यामिनी, वीणा, लीला, निर्मला, शकुन सहित सहेली महिला स्वसहायता समूह भैसमुंडी की सदस्य जुटी हैं।

### दानीटोला में गायत्री यज्ञ, मानसगान 11 अप्रैल से

**धमतरी।** वार्डवासियों के सहयोग से शहर के दानीटोला वार्ड में मां शीतला मंदिर परिसर में 11 से 13 अप्रैल तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञापुराण एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव तथा मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस दीप प्रज्वलन के अतिथि मुरली प्रसाद साहू, चिरौंजी साहू, नरेन्द्र साहू, चम्पालाल साहू, बंशीलाल साहू, अशोक मेश्राम, अज्जू देशलहरे होंगे। कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन कलश यात्रा, देव स्थापना, प्रज्ञापुराण, दूसरे दिन हनुमान जयंती एवं अन्य कार्यक्रम, तृतीय दिवस पांच मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रमाण-पत्र वितरित

**नगरी।** शासकीय माध्यमिक शाला गोरेगांव में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। परीक्षा में सम्मिलित छात्रों की संख्या 18 थी जिसमें श्रेष्ठ श्रेणी में 83 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए। सामान्य श्रेणी में 17 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए। प्रधानपाठक कौशलप्रसाद साहू ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर शिक्षक राकेश कोसरिया, चंद्रप्रभा साहू एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### होली में कुत्तों और सांड का हमला

**धमतरी।** होली के हुड़दंग में कुत्ते भी हमलावर रहे। होली के दौरान शिव चौक धमतरी के पास मोटरसाइकिल सवार युवकों को कुत्तों ने दौड़ा दिया जिससे डरकर मोटरसाइकिल सवार युवक गिर पड़े। इससे बनियापारा निवासी दक्षराज गौतम 23 वर्ष का पैर फैक्चर हो गया, वहीं उसके साथ बाइक में सवार पुरन मेश्राम 25 वर्ष भी चोटिल हो गए। बालोद के ग्राम डौंडी निवासी आरतीबाई पति रविलाल पर सांड ने हमला कर दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर दानीटोला के पास लोहरसी निवासी वेदप्रकाश गाय से टकराकर घायल हो गया। रविवार की सुबह गोकुलपुर में महेश रजक को कुत्ते ने काट लिया, जिसका उपचार जारी है।

### चार लोगों ने किया जहर सेवन कर आत्महत्या का प्रयास

**धमतरी।** होली पर्व के दौरान दो महिला तथा दो पुरूषों ने जहर सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सारंगपुरी की टीना ध्रुव 32 वर्ष, मगरलोड नवागांव की अनीता कंवर 30 वर्ष ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया। पीड़ितों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम देवगांव के तीरथराम 19 वर्ष को जहर खुरानी के मामले में मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं ग्राम बोरेंदा रानीतराई के डोमार सिंह 37 वर्ष को जहर सेवन करने के कारण जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि सभी चारों ने अपने-अपने घरों में आत्महत्या का प्रयास किया है।

पुरानी रंजिश के चलते दोस्त ने मारा चाकू, पुलिस ने किया गिरफ्तार

# पहले साथ में खाना खाया फिर बेरहमी से कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महानदी के एकांत तट पर पार्टी मनाने गए दो दोस्तों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ। विवाद के चलते एक दोस्त ने तैश में आकर दूसरे के सीने पर धारदार चाकू उतार दिया। हमला इतना जबरदस्त था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

होली के दिन करेली बड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र में हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना होली के दिन दोपहर करीब 3 बजे की है। लोचन निषाद उम्र 19 साल अपने दोस्तों के साथ होली की पार्टी मनाने के लिए नवागांव के महानदी किनारे गया हुआ था। वे खाना पकाकर खा रहे थे। इसी दौरान वहां पर गोबरा नयापारा निवासी ओमप्रकाश ध्रुव उम्र 39 साल आ गया। उसने भी सभी के साथ बैठकर खाना खाया। इसके बाद पुरानी रंजिश को लेकर लोचन से विवाद करने लगा। उसने अपने पास रखे धारदार चाकू से लोचन पर वार कर दिया। सीने पर जोरदार चाकू लगने से घटनास्थल पर ही लोचन की मौत हो गई। इस घटना की रिपोर्ट थाना गोबरा नवापारा में दर्ज कराई गई है। आरोपी के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 194 के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है। गोबरा नवापारा से मर्ग डायरी प्राप्त होने के बाद थाना मगरलोड में जांच कार्रवाई शुरू की गई। आरोपी ओमप्रकाश ध्रुव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू व घटना के समय पहने हुए टी-शर्ट को झाड़ी झुरमुट से गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में एसडीओपी कुरूद, चौकी करेलीबड़ी प्रभारी सहित थाना गोबरा नवापारा निरीक्षक व स्टाफ का योगदान रहा।




## नगर में धूमधाम से हुआ होलिका दहन...





**धमतरी।** होली पर्व के अवसर पर 13 मार्च को धमतरी नगर के विभिन्न चौक-चौराहों, मोहल्लों और कालोनियों में धूमधाम से होलिका दहन किया गया। गणेश चौक में होलिका और भक्त प्रहलाद की मूर्ति लगाई गई थी। नगर में पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के कारण होली पर्व शांतिपूर्ण निबटा।

## शराब की बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुरूद पुलिस ने ग्राम मेंडरका थोथली तालाब के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी को गिरफ्तार किया।

कुरूद पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम मेंडरका भोथली, नया तालाब सियार के पास बोरी के अंदर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। कुरूद पेट्रोलिंग की टीम ने घेराबंदी कर उस व्यक्ति को पकड़ा। नाम पता पूछने पर अपना नाम मिथिलेश उर्फ राजू चंद्राकर पिता अलख राम चंद्राकर उम्र 25 वर्ष साकिन ग्राम मेंडरका बताया। दो सफेद पीला रंग की प्लॉस्टिक बोरी की तलाशी लेने पर 137 पौवा मसाला शराब एवं 11 पौवा प्लेन शराब मिली। प्रत्येक में 180-180 एम.एल.भरी हुई कुल 26.640 बल्क लीटर कीमत 16,060 रूपये एवं बिक्री रकम 1200 रूपये कुल जुमला 17,260 रूपये जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना कुरुद में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में थाना कुरूद से प्रआर रामसेवक बंबोड़े, आरक्षक हेमंत सिन्हा, गहेश्वर साहू का योगदान रहा।



# होली के रंग में रंगा रहा नगर सहित ग्रामीण अंचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर सहित गांव-गांव में होली का रंग लोगों में जमकर चढ़ा रहा। फागगीत, नगाड़ों की थाप, रंग-गुलाल के साथ बच्चे, युवा, महिला, बुजुर्गों ने खूब होली खेली। होली के दिन रमजान का जुमा होने से पुलिस प्रशासन अलर्ट पर रहा।

इस साल होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 11.30 बजे होने से लोगों को इसका इंतजार करना पड़ा। 11.30 बजते ही शहर सहित गांव-गांव में होलिका दहन शुरू हो गया। होलिका से सुख-शांति की मांग करते हुए लोगों ने मिठाई, बताशा सहित अनेक पूजा सामग्री अर्पित की। होलिका दहन स्थल पर नगाड़ा और फाग गीत के साथ खूब रंग-गुलाल उड़े। 14 मार्च को सुबह से बच्चे रंग भरी पिचकारी के साथ घरों से निकल गये। राहगीरों पर खूब रंग बरसाया गया। युवाओं की टोली अपने-अपने मुहल्लों, कॉलोनी के घर-घर जाकर गुलाल लगाते और आशीर्वाद लेते दिखी। नवनिर्वाचित पार्षदों के घरों में समर्थकों का डेरा लगा रहा। शराब दुकानों के बंद होने के बाद भी लोग शराब के नशे में टुन्न दिखे। दोपहर तक होली का उमंग कुछ ठंडा पड़ा गया। इस दौरान नमाजियों को आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं हुई।

दूसरे दिन भी होली का रंग लोगों में चढ़ा रहा। अधिकांश घरों में लजीज व्यंजन बनाये गये वहीं होटलों में खारा-मीठा की भी जमकर मांग रही। रविवार को भी होली की खुमारी रहने से शहर के अनेक प्रतिष्ठानें बंद रहे। सोमवार से जनजीवन के पटरी पर लौटने की संभावना है।



### चिकन-मटन की भारी डिमांड

बर्ड फ्लू के चलते मुर्गियों की हो रही मौत के बावजूद लोगों में चिकन और मटन की खूब डिमांड रही। पोल्ट्री फार्म के संचालकों के अनुसार जिले में करीब 500 क्विंटल चिकन, मटन की बिक्री हुई है। पोल्ट्री व्यवसायियों ने दो दिन में करीब 1 करोड़ रूपये का व्यवसाय किया है। होली पर शराब दुकानों के बंद रहने के कारण एक दिन पहले शराब दुकानों में ग्राहकों की कतार लगी रही। होली पर दारू का स्टाक रहा जिससे ब्लेक में डिमांड कम रही।

### पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने होली पर्व के मद्देनजर सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में चाक चौबंद के निर्देश दिये थे। सभी थाना में शांति समिति की बैठक बुलाई गई जिसमें होली शांतिपूर्वक मनाने की समझाईश दी गई। पेट्रोलिंग टीम ने दो दिन और दो रात ड्यूटी की। हर मोहल्ले-गली में सायरन बजाते हुए पेट्रोलिंग की।

## ग्राम पंचायत सचिव 17 को विधानसभा का घेराव करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पंचायत सचिवों ने सोमवार को विधानसभा का घेराव कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की सूचना कलेक्टर को दी है। प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ ने 12 मार्च को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि विधानसभा चुनाव 2023-24 में मोदी की गारंटी बताकर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। 1995 से कार्यरत सचिवों का शासकीयकरण किया जाना है। 7 जुलाई 2024 को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री आदि ने तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा करते हुए शासकीयकरण का भरोसा दिया था। कमेटी ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है। प्रतिवेदन के अनुसार सचिवों को आशा और विश्वास था कि बजट सत्र पर यह सौगात मिल जाएगी। बजट में सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने से प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध तथा आक्रोशित हैं।

पंचायत प्रदेश सचिव संघ ने बैठक कर निर्णय लिया है कि 17 मार्च को सचिव विधानसभा घेराव करने के बाद 18 मार्च से ब्लाक मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इसके बाद 1 अप्रैल को मंत्रालय का घेराव किया जायेगा।

## वाहन पेड़ से टकराया, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

एक स्कार्पियो वाहन बेकाबू होकर पेड़ से जा टकराया। इस हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।जानकारी के मुताबिक घटना नगरी थाना क्षेत्र की है। घटना नगरी से सांकरा रोड में 15 मार्च की सुबह करीब साढ़े 9 बजे की बताई जा रही है। सांकरा की तरफ जाने के दौरान नगरी छिपली चौक से लगभग 1 किमी दूरी पर स्थित एक सुअर फार्म के पास स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलटा और फिर पेड़ से जा टकराया। इस हादसे में चालक बलराम ठाकुर निवासी राजिम क्षेत्र जिला गरियाबंद की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके तत्काल पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरु कर मामले की जांच में जुट गई है।



### एएसपी का ड्राइवर था मृतक

बताया जा रहा है कि मृतक युवक बीते करीब ढाई महीने से नगरी में अधिग्रहण किए वाहन को चलाने का कार्य कर रहा था, जो नगरी में पदस्थ एएसपी शैलेंद्र कुमार पांडे का वाहन चालक था। इधर मामले की सूचना उनके परिजनों को दे दी गई है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पांच साल पहले की थी चोरी अब आया पुलिस की गिरफ्त में

- लंबे समय से फरार आरोपी होली खेलने आया था घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पांच साल पहले रिफाइंड तेल के 13 टिन और कतरी के 1 टिन की चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में दो आरोपी और गिरफ्तार हो चुके हैं। घटना को अंजाम देने के बाद यह आरोपी फरार हो गया था। पुलिस की लगातार कोशिश के बाद भी वह पकड़ में नहीं आया था।

वांटेड उर्फ सोनू ध्रुव पिता गोपाल ने अपने दो साथी शंकर ढीमर और रवि नेताम के साथ गणेश चौक स्थित एक किराना दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने दुकान से 13 टिन रिफाइंड तेल और 1 टिन कतरी की चोरी की थी। इस सामग्री की कीमत 19700 रुपए है। इसकी रिपोर्ट विजय कोटवानी उम्र 50 साल ने 23 अप्रैल 2020 को सिटी कोतवाली में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी थी, जिसमें दो आरोपी रवि और शंकर ढीमर तो पुलिस की गिरफ्त में आ गए लेकिन वांटेड फरार था। पांच साल तक वह पुलिस को छकाता रहा। पुलिस की नजर उसके घर पर थी। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि वांटेड होली मनाने के लिए घर आया है। बिना देर किए पुलिस ने तत्काल छापा मारकर उसे धरदबोचा। आरोपी की उम्र 25 साल है और वह दानीटोला स्कूलपारा का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ पहले भी धारा 294, 323, 506, 34, 324 के तहत सिटी कोतवाली में मामला दर्ज है।

इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली के प्रधान आररक्षक रवि जगने, आरक्षक गणेश नेताम, डायमंड यादव का योगदान रहा।



कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को चेताया

# गुणवत्ता और भ्रष्टाचार पर कोई समझौता नहीं, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

**निर्माण कार्य निर्धारित समय अवधि में पूरा करने पर जोर**

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्य करने वाले सभी विभागों के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण काम कराने और इन कामों में किसी भी स्तर पर नियम विरुद्ध प्रक्रिया नहीं अपनाने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले के निर्माण कार्य करने वाले विभागों पीडब्ल्यूडी, पीएचई, नगरपालिक निगम, एडीबी, सेतु निर्माण, सीजीएमएससी, सिंचाई विभाग, गृह निर्माण मंडल, क्रेडा, आदिवासी विकास, आरईएस आदि विभागों के अधिकारियों की बैठक में वर्तमान में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कतई समझौता नहीं किया जाएगा। गुणवत्ताविहीन या निर्धारित मापदंड अनुरूप काम नहीं किए जाने पर जांच कर ठेकेदार के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री मिश्रा ने यह भी चेताया कि निर्माण कार्यों में टेंडर से लेकर किसी भी स्तर पर यदि भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो भी कड़ी कार्रवाई होगी।



बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आमजनों की मूलभूत जरूरतों सड़क, बिजली, पानी से जुड़े कामों को प्राथमिकता से पूरा कराने पर जोर दिया। उन्होंने पानी की समस्या वाले गांवों और जगहों की पहचान कर अभी से पानी की आपूर्ति के लिए जरूरी उपाय करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने धमतरी शहर में चल रहे पाइप लाइन विस्तार के काम भी तेजी से पूरा करने को कहा। श्री मिश्रा ने धमतरी नगर के भीतर सड़क चौड़ीकरण के लिए जल्द से जल्द सर्वे करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों को धमतरी और कुरूद में किफायती दरों पर आवास योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत लगे सौर ऊर्जा से चलने वाले पानी के पंपों की व्यापक जांच कर खराब या अक्रियाशील पंपों को तत्काल सुधारने के निर्देश भी दिए।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### छाती सोसाइटी में 18 से खरीदा जायेगा चना

**पुरी।** धमतरी ब्लॉक की छाती समिति में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी के लिए छग शासन से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। समिति प्रबंधक नरेंद्र साहू ने बताया कि पंजीकृत कृषकों से समर्थन मूल्य पर 5650 की दर से प्रति एकड़ 6 क्विंटल चना खरीदी का शुभारंभ छाती समिति में किया जाएगा। चना बिक्री हेतु पंजीकृत कृषकों को मूल ऋण पुस्तिका, आधारकार्ड, बैंक पासबुक एवं मोबाइल लेकर आना होगा। अच्छे क्वालिटी के चने की खरीदी होगी। 14 प्रतिशत नमी तक ही चने की खरीदी होगी।

### मड़ेली के उपसरपंच बने गुलशन

**मगरलोड।** ग्राम पंचायत मड़ेली में गुलशन साहू 4 वोट से विजय प्राप्त कर उपसरपंच बने। आश्रित ग्राम बकोरी निवासी गुलशन साहू को वार्ड



क्रमांक 7 से पंच चुना गया था। मड़ेली में 8 मार्च को पीठासीन रूपेश गायकवाड़ व सचिव होरीलाल साहू की उपस्थिति में उपसरपंच चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई जिसमें ग्राम बकोरी के वार्ड क्र. 7 के पंच गुलशन साहू और वार्ड क्र. 2 के निर्विरोध पंच गजेन्द्र ध्रुव ने उपसरपंच के लिए दावेदारी की। सरपंच सहित 11 पंचों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गुलशन साहू को 7 वोट और गजेन्द्र ध्रुव को 3 वोट मिले और 1 वोट अवैध पाया गया। इस प्रकार गुलशन साहू 4 वोट से विजयी हुए। गुलशन साहू के उपसरपंच बनने पर फागूराम सेन, विष्णु साहू, महेंद्र साहू सहित ग्राम पंचायत मड़ेली व बकोरी बूढ़ाराव के ग्रामीणों ने हर्ष जताया है। वर्तमान में गुलशन साहू शासकीय अंग्रेजी उच्चतर प्राथमिक विद्यालय मगरलोड के अध्यक्ष एवं ग्रामीण साहू समाज बकोरी के उपाध्यक्ष पद पर आसीन है।

### सूने घर से नकदी पार, मामला दर्ज

**धमतरी।** होलिका दहन की रात सूने मकान से नकदी रकम सहित डीवीआर की चोरी का मामला रूद्री पुलिस ने दर्ज किया है। रूद्री निवासी प्रकाश सिन्हा ने रूद्री थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 13 मार्च की शाम वह अपने परिवार के साथ गृहग्राम गया था। 14 मार्च की सुबह 8.30 बजे घर की नौकरानी ने फोन कर बताया कि घर का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही वह 9.30 बजे घर पहुंचा तो पोर्च में लगा सीसीटीवी कैमरा टूटा हुआ है। घर का ताला तोड़ा गया है। घर में सीसीटीवी का डीवीआर नहीं है। बेडरूम का ताला तोड़कर आलमारी में रखी 10 हजार नकदी तथा पिग्गी बैंक में रखे 25 हजार की किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। पूरे कमरे में सामान बिखरा हुआ था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305, 331/4 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### निधन

### राधाबाई यादव

**मगरलोड।** ग्राम सेन्हाभाठा निवासी श्रीमती राधाबाई यादव 36 वर्ष का



आकस्मिक निधन 15 मार्च शनिवार को हो गया। वे गोवर्धन यादव की पत्नी, डोमन, नैतिक यादव की मां थीं। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## जनप्रतिनिधियों के घर पहुंचकर समर्थकों ने लगाया गुलाल

# नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मना होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद नगर सहित क्षेत्र में रंगों का पर्व होली की खूब धूम रही। होली का पर्व मनाने में नेता व जनप्रतिनिधि भी पीछे नहीं रहे। भाजपा- कांग्रेस के नेता अपने समर्थकों के साथ एक दूसरे को रंग लगाकर त्योहार मनाते दिखे। विधायक अजय चंद्राकर ने अपने आवास के दरवाजे आमजन के लिए खोल दिए थे। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और आमजन उन्हें रंग लगाने पहुंच रहे थे।

शुक्रवार को होली का उत्साह देखते ही बन रहा था। एक ओर गांव में बच्चे पिचकारी में रंग भरकर एक दूसरे को रंग रहे थे तो वहीं युवा व बड़े एक दूजे को गुलाल के अलग-अलग रंग में रंग दे रहे थे। अनेक गांवों में फाग मंडली डंडा नृत्य कर राधा कृष्ण







की स्तुति भी कर रही थी। कुरुद में विधायक चंद्राकर के अलावा नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, जिपं सदस्य नीलम चंद्राकर के अलावा नवनिर्वाचित पार्षदों के घर पहुंचकर उनके समर्थकों ने रंग लगाया। जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन, जिपं सदस्य पूजा राजू सिन्हा के अलावा सरपंचों ने भी जमकर होली खेल एक दूसरे के साथ पर्व की खुशियां साझा की। गांवों में सुबह से लेकर देर रात तक नगाड़ों की आवाज सुनाई दी। वहीं पुलिस प्रशासन होली में हुड़दंग करने वालों पर पैनी नजर बनाए रखने नगर सहित थाना के आसपास गांवों में पेट्रोलिंग कर रहा था।

# अंचल में शांतिपूर्ण मनाई गई होली

- चौक-चौराहों में लोग नगाड़े की थाप पर फाग गीत गाते हुए पर्व की मस्ती में डूबे रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी


अंवरी सहित अंचल के गांव भैंसबोड़, कुम्हारी, पुरेना, जोरातराई, कोलियारी, भखारा भठेली, सिंगदेही, भेण्डसर, सिर्वे, सेमरा, सिलतरा, सुपेला, नवगांव, थुहा, बगौद, बंगोली, बंजारी, खपरी, कुर्रा समेत आसपास के गांवों में रंगों का महापर्व होली पूरी सादगी के साथ मनाया गया। प्रेम, भाईचारे और सबको एक सूत्र में जोड़ने वाले इस त्योहार का उत्साह हर वर्ग में देखते ही बन रहा था। इस बार लोगों ने पूरे उत्साह व उमंग के साथ इस पर्व की खुशियां बांटी। लोगों ने अपने निवास, चौक-चौराहों में आपस में मुलाकात कर रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशी में रौनकता का रंग भरा तो वहीं कुछ लोग अपने मित्रों, रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात कर रंगों के इस महोत्सव में डूबते नजर आए।



ग्रामीण ईश्वर साहू, केशव साहू ने बताया कि होली पर्व के कुछ दिन पूर्व से ही अंवरी सहित अंचल में नगाड़ों की थाप पर फाग गीत गाते हुए लोग पर्व की उमंग में जुटे हुए थे। होली की पूर्व संध्या पर विभिन्न स्थानों पर विधिवत रूप से होलिका दहन होते ही होली पर्व के उत्साह में लोग मगन होने लगे। गांव के विभिन्न चौक-चौराहों में लोग नगाड़े की थाप पर फाग गीत गाते हुए पर्व की मस्ती में डूबे रहे। महिलाओं ने भी पारंपरिक रूप से अपने घरों व आस-पड़ोस में रंग-गुलाल लगाकर सभी को त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में भी प्रेम व्यहार के रंग को बरकरार रखने की बात कही।

### अथर्व स्कूल में मनाई गई होली

**अंवरी।** अथर्व स्कूल भठेली में होली का पर्व मनाया गया। बच्चों ने अनेक प्रकार की वेशभूषा पहनकर होली खेली और अपनी खुशियां बांटी। तक्षम देवांगन ने कृष्ण एवं खुशीम देवांगन ने सुदामा का रोल निभाया।



# रामायण में छिपा है जीवन का सार : चोवाराम



- मानस शक्ति केंद्र कोर्रा ने किया पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत कोर्रा में मानस शक्ति केंद्र द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। सरपंच यमुना कामड़े, उपसरपंच चोवाराम साहू सहित नवनिर्वाचित पंचगणों को रामायण ग्रंथ भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच चोवाराम साहू ने कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ ही नहीं है बल्कि यह मनुष्य को जीवन की सीख देती है। रामायण में जहां भगवान राम को पुरूषोत्तम कहा गया है तो वही मां सीता की पवित्रता दर्शायी गई है। लक्ष्मण और भरत दोनों ही का अपने भाई के प्रति अथाह प्रेम दिखाया गया है। रामायण के हर एक चरित्र से कुछ न कुछ शिक्षा अवश्य प्राप्त होती है। यदि व्यक्ति रामायण को पूजने के साथ उससे मिलने वाली सीख को अपने जीवन में अनुसरण करें तो वह एक सफल जीवन व्यतीत कर सकता है। रामायण की कुछ ऐसी ही महत्वपूर्ण बातें हैं जिनमें जीवन का सार छिपा है।

इस अवसर पर मानस शक्ति केंद्र कोर्रा के संरक्षक जोहतराम साहू, अध्यक्ष सालिकराम साहू, उपाध्यक्ष खिलेश्वर साहू, सचिव गिरधारीलाल साहू, सलाहकार सुग्रीव नेताम, लतखोर यादव सहित मानस मंडली कोर्रा के सदस्य टामन निषाद, देवसिंग साहू, किरण साहू, आशा निषाद, थानेश्वरी साहू, सोमती साहू, चांदनी साहू, सुनीता साहू, भीषण साहू, मोहन सेन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# ट्रिपल इंजन की सरकार से अब होगा पूर्ण विकास : प्रकाश

- आप सबके विश्वास पर खरा उतरूंगा : अरुण
- बिरगुड़ी, बेलर और भुरसीडोंगरी में हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जिले में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को ऐतिहासिक जीत दिलाने के बाद मतदाताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने के लिए सिहावा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिरगुड़ी, बेलर और भुरसीडोंगरी में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि अब जिले में ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ मिलेगा। उन्होंने केंद्र, राज्य और स्थानीय स्तर पर भाजपा सरकार होने के फायदे गिनाए और कहा कि अब तेजी से विकास होगा। हर वर्ग को योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा, हर क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिलेगा। जब केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार थी, तब भी हमने जनता के हित में कई विकास कार्य किए। अब जब जिले के निकायों में भी भाजपा समर्थित सरकार बनी है, तो यह ट्रिपल इंजन सरकार आपकी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दिन-रात कार्य करेगी।

मौके पर जिपं सदस्य गरिमा नेताम, जनपद सदस्य मौसमी मंडावी, उमेश दीवान, उमेश साहू, मोरध्वज सेन, दिव्येंद्र परिहार, राजेश कश्यप, मणिराम साहू, लीलांबर साहू, लिलेश प्रजापति, चुम्मन साहू, राधे नाग, तामेश्वर सोम, मनीष कश्यप पटेल, केशांत गुप्ता, शंभू साहू, तमिश सोम, यूसुफ मेमन, शिव निषाद, संतोष पांडे, चुम्मन साहू, डोमार साहू, हरिक लाल समुद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।





### जनता के समर्थन से आया ऐतिहासिक जनादेश

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि वे एक साधारण किसान के बेटे हैं और जनता ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूर्णतः खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने किसानों और ग्रामीणों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण, बेहतर सुविधाएं और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता जाहिर की। आप सभी ने मुझ जैसे साधारण किसान को यह सम्मान दिया है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस क्षेत्र के हर किसान, मजदूर और आम नागरिक की आवाज बनकर काम करूंगा। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने, सिंचाई सुविधाओं को बेहतर करने और ग्रामीण क्षेत्रों में संपूर्ण विकास लाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।

### भव्य स्वागत, उत्साह से लबरेज रहे कार्यकर्ता

आभार कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर दुबे, बेलरगांव मंडल के पूर्व अध्यक्ष अकबर कश्यप सहित कई गणमान्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे। लोगों ने भाजपा नेताओं का भव्य स्वागत किया। जनता में नई स्थानीय सरकार को लेकर बड़े उत्साह का माहौल था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे विकास और जनता के विश्वास की जीत बताया।

# भखारा में भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर पंचायत भखारा में नगरवासियों के सहयोग से नौ दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया था। प्रवचनकर्ता पं. भीमप्रसाद शर्मा कोन्दकेरा राजिम ने अलग-अलग प्रसंग पर कथा बताई। कलश स्थापना, वेदी पूजन, गोकर्ण पूजन, श्रीमद् भागवत कथा, परिक्षित जन्म, ध्रुव कथा, भरत चरित्र, अजामिल चरित्र, प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, कृष्ण अवतार, श्रीकृष्ण बाललीला, रुक्मणी विवाह, श्रीकृष्ण-सुदामा प्रसंग, तुलसी वर्षा एवं शोभायात्रा, गीतापाठ प्रवचन, हवन पूजन, पूर्णाहूति हुई। नपं अध्यक्ष ज्योति जैन और नगरवासियों ने कथा का श्रवण किया। इस आयोजन में केदारनाथ निर्मलकर, चोवाराम साहू समेत अनेक लोगों का योगदान रहा।





## अंचल की खबरें

### रावनगुड़ा स्कूल में छात्रों-शिक्षकों ने खेली होली



**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला रावनगुड़ा के छात्रों ने होली का पर्व उत्साह से मनाया। इस अवसर पर प्रधानपाठिका सोहद्रा तारक, डुमनलाल बंजारे, रुसेंद्र तारक, रसोइया मैनाबाई साहू, प्रभा लहरे, भृत्य हीराराम, आकाश साहू समेत स्कूली छात्र उपस्थित थे।

### करेली बड़ी में होली पर्व की रही धूम



**मगरलोड।** उपतहसील करेली बड़ी समेत आसपास गांव में होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। पूरा क्षेत्र होली के रंग में डूबा रहा। करेली बड़ी में होली पर्व पूरे शबाब पर था। 13 मार्च की रात्रि में ग्राम विकास समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, बैगा ने होलिका दहन कर गांव की सुख समृद्धि की कामना की। दूसरे दिन लोग सुबह से दोपहर तक रंग गुलाल लगाए। बड़ों का गुलाल लगाकर छोटों ने आशीर्वाद लिया। ग्रामीणों ने कहा कि नगाड़े की थाप में होली पर्व का मजा है। आशाराम साहू, कुमारी साहू, तोरण सोनी, जया सोनी, कला साहू, विदेश साहू, टिंकल साहू, प्रियांशु, संजय निषाद, चमेली निषाद, सत्या साहू, मीना साहू, पिंकी निषाद, साक्षी निषाद, रेयांशी सोनी ने होली खेली।

### सांकरा में हर्षोल्लास से मनाई गई होली



**सांकरा।** मानस मंच सांकरा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम सांकरा की समस्त बाल मंडलियों को आमंत्रित किया गया था। मंडलियों के सदस्यों ने होली गीत गाकर ढोल-बाजे की धुन में नाचते गाते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाया। इस होली मिलन के कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा भी सम्मिलित हुए और अपने जिपं क्षेत्र क्र. 12 से चुनाव में विजय हासिल करने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर सरपंच नागेंद्र बोरझा, उपसरपंच हरीश साहू, ग्राम व्यवस्था समिति के अध्यक्ष गिरवर भंडारी, आचार्य उदयभानु दीवान, विजय साहू, बल्लू साहू, जन्मेजय साहू, रमेश साहू, शिक्षक ओंकार साहू, वासुदेव साहू, सुरेश साहू, रामसिंह साहू, भावेश साहू, डेविड साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### छुही स्कूल में पांचवीं के छात्रों को दी गई विदाई



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला छुही में कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव ने बच्चों को आगामी परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने के लिए कड़ी मेहनत करने प्रेरित किया। ग्राम प्रमुख शत्रुघन साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टिकेश्वर साहू, पर्यावरण संरक्षक भेदूप्रसाद साहू तथा भारतीय सेना के महेश कुंजाम ने भी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कड़ी मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानपाठक और शिक्षकों ने छात्रों को भावभीनी विदाई देते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिससे माहौल भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया।

### सरपंच ने श्रद्धांजलि योजना की राशि दी



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत सिलीडीह में सरपंच रूचि पेखन देवांगन ने मृतक स्व. रजनी निषाद की मृत्यु पर उनके परिवार को श्रद्धांजलि योजना के तहत 2 हजार रूपये प्रदान किया। इस अवसर पर उपसरपंच रामविशाल साहू, सचिव शेखूराम साहू सहित पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

सबसे कम दाम SANJAY ARTS सबसे अच्छा काम

फ्लैक्स प्रिंटिंग
फ्लैक्स बेनर, फ्लैक्स बोर्ड ग्लोसाईन बोर्ड, सनबोर्ड सनपैक बोर्ड, विनायल प्रिंटिंग

मल्टीकलर प्रिंटिंग
शादी कार्ड, आमंत्रण कार्ड, विजिटिंग कार्ड एवं अन्य प्रिंटिंग कार्य किया जाता है

LED बोर्ड
ए.सी.पी., एल.ई.डी., चाबी रिंग कटिंग, नम्बर प्लेट कर तुरंत तैयार किया जाता है

मार्बल एवं ग्रेनाईट पत्थर
लोकार्पण, शिलान्यास, उद्घाटन एवं भवनों के नेम प्लेट कम्प्यूटर द्वारा खुदाई कर बनाया जाता है

रेडियम कटिंग
नम्बर प्लेट, टेबलनेम प्लेट, IND नम्बर, दिवाल नेम प्लेट लोकार्पण, भूमिपूजन कार्य

CNC राउटर कटिंग
वुडन, ए.सी.पी., कोरियन कटिंग एक्रेलिक वर्क एवं गिफ्ट आयटम

ACP WORK
भवनों, ऑफिसों, शोरूम, दुकानों आदि में उच्चक्वालीटी ACP कार्य किया जाता है

सिहावा रोड, फॉरेस्ट ऑफिस के सामने, धनवंतरी (सी.मार्ट.) के बाजू, धमतरी 9827111438, 9685928560, 7000909964

## अंचल की खबरें

### स्वर्गधाम सेवा समिति ने दी आर्थिक सहायता



**पुरी।** मानव कल्याण स्वर्ग धाम सेवा समिति छाती द्वारा संतरी बाई बंजारे छाती के निधन होने पर उसके परिवार को दानदाताओं द्वारा 7200 रूपये की आर्थिक सहायता दी गई है। नरेंद्र साहू समिति अध्यक्ष ने बताया कि अभी तक 63 भूमिहीन व्यक्तियों को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

### महिलाओं ने भी जमकर खेली होली



**कुरुद।** शहर से लेकर गांव तक होली की धूम रही। इस रंगोत्सव को महिलाओं ने भी अपने अंदाज में मनाया। पहले अपने घर के सारे काम काज निपटाये फिर लाल, हरा, पीला सूखा गुलाल लेकर पड़ोस के घर जाकर एक दूसरे को खूब रंग लगाया। वहीं एक दूसरे के घर का बना छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का खूब लुत्फ उठाया। शुक्रवार को होली के दिन ग्राम कोकड़ी, खैरा, बानगर, परखन्दा, चर्रा, नवागांव, उमरदा, कातलबोड, जोरातराई, चरमुड़िया आदि गांवों में भी रंग खेला गया। बच्चे जहां पिचकारी मारते दिखे तो महिलाओं ने एक दूसरे पर सूखी रंग गुलाल लगाकर त्योहार मनाया। जोरातराई में नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू के निवास में स्थानीय महिला सविता गंजीर पूर्व सरपंच, खिलेश्वरी निषाद, ओमिन साहू, पूजा साहू, झामिन साहू, सोनम साहू, लता साहू, मधु साहू, विद्या साहू, विनीता साहू, रामेश्वरी साहू, अहिल्या साहू के अलावा नन्हीं बच्ची भावी, मीठी, दुर्विशा ने जमकर होली खेली।

### डांडेसरा स्कूल में हुआ विदाई समारोह



**डांडेसरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। कक्षा 4थीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 5वीं के छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। शिक्षकों का भी स्वागत किया। बच्चों ने मां सरस्वती व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सीजी डांस, पंथी गीत, सुआ नृत्य, फाग गीत प्रस्तुत किया। बच्चों ने अपने 5 साल का अनुभव बारी-बारी से साझा किया। शिक्षिका शहनाज बानो ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान शाला के सभी बच्चों को खीर पूड़ी परोसी गई। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य सुभाष ध्रुव, पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, प्रधानपाठिका उर्वशी चंद्राकर, शिक्षिका अनीता साहू, वीणा गजेन्द्र, कल्पना रामटेके, रसोईया सरिता साहू, सहायिका राधाबाई जोशी उपस्थित थे।

### रचनात्मक एवं कहानी लेखन में बच्चों की रुचि बढ़ी



**आमदी।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा विभाग रायपुर के निर्देशानुसार राज्य की सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में प्रत्येक सप्ताह अलग अलग टॉपिक पर रचनात्मक लेखन एवं कहानी लेखन का कार्य दिया जा रहा है। शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा आमदी के छात्र भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। स्कूल की शिक्षिका सविता छाटा ने बताया कि समग्र शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा एक अच्छा प्रयास किया जा रहा जिसके तहतस्कूल के बच्चों को प्रत्येक सप्ताह अलग अलग टॉपिक पर रचनात्मक लेखन एवं कहानी लेखन के लिए लेखन कार्य दिया जा रहा है। बच्चे बड़े ही उत्साह के साथ अपना लेखन कार्य में रुचि ले रहे हैं। इससे बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा बाहर आ रही है।उनमें चिंतन, तर्कक्षमता एवं लेखन कौशल का भी विकास हो रहा है। इस लेखन कार्य में स्कूल के 80 फीसदी बच्चे भाग ले रहे हैं। इसमें स्कूल स्टाफ बिंदु ध्रुव, सोमदत्त साहू, दीपेंद्र साहू का पूरा सहयोग मिल रहा है।

### सिर्री में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व



**सिर्री।** ग्राम सिर्री में होली का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने पर्व की बधाई देते हुए परिवार के सदस्यों, मित्रों एवं अन्य ग्रामीणों पर रंग गुलाल लगाया। साथ ही चौक चौराहों में लोग नगाड़े बजाते झूमते नाचते गाते हुए नजर आए।

रसरंग 2025 : हास्य-व्यंग्य, वीर रस एवं पैरोडी काव्य सुनकर मंत्रमुग्ध हुए कुरुद के श्रोतागण

# मोर पास कुरुद के जन्मपत्री है अउ अजय चंद्राकर अगला मंत्री है : सुरेंद्र





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

वंदेमातरम परिवार कुरुद के बैनरतले होली महोत्सव 2025, रसरंग 20 वें वर्ष का आयोजन समिति के संरक्षक व मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर के सहयोग से किया गया। हास्य कवि सुरेंद्र दुबे, पैरोडी कवि सुदीप भोला व वीररस के कवि प्रख्यात मिश्रा ने अपनी काव्य रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्य पाठ की शुरुआत पद्मश्री दुबे ने यह कहकर किया कि मोर पास कुरुद के जन्मपत्री है, अउ अजय चंद्राकर अगला मंत्री है। होली की पूर्व संध्या पर नगर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित होली महोत्सव, कवि सम्मेलन में स्वागत भाषण देते हुए नवनिर्वाचित नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने कहा कि कुरुद की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाने के साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में विधायक अजय चंद्राकर का विशेष योगदान है जिसके मार्गदर्शन व संरक्षण में वंदेमातरम परिवार लगातार यह 20वां वर्ष आयोजन करने में सफल रहा है। इससे पूर्व वंदेमातरम परिवार प्रमुख भानु चंद्राकर ने आमंत्रित कवियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जपं कुरुद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जिपं धमतरी उपाध्यक्ष गौकरण साहू, मगरलोड जपं अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, भाजपा नेता निरंजन सिन्हा, मालकराम साहू, तिलोकचंद जैन, मोहन अग्रवाल, कृष्णकांत साहू, लोकेश साहू, एलपी गोस्वामी मानस मर्मज्ञ, अनिल चन्द्राकर संरक्षक राइस मिल एसोसिएशन, लोकेश्वर सिन्हा, छत्रपाल बैस, कुलेश्वर सिन्हा, प्रभात बैस, लेखराज चंद्राकर मौजूद थे।

### पढ़ती नहीं पढ़ाती थी, दिनभर रील बनाती थी

कवि सम्मेलन की शुरूआत वीर रस के कवि प्रख्यात मिश्रा लखनऊ ने कहा कि राम वही जो भारत की सरकार बनाने वाले हैं। राम का मंदिर बना लिया अब घनश्याम का बाकी है। देश में योगीजी के अभी बुलडोजर का काम बाकी है। तिरंगा लपेट कर आऊंगा या सरहद पार लहराउंगा जैसे काव्य पाठ से श्रोताओं में देश प्रेम जगाने का प्रयास किया। सुदीप भोला, दिल्ली ने अपने अलग अलग पैरोडी काव्य से देश की वर्तमान दशा व दिशा को रेखांकित करते हुए राजनीतिक नेताओं पर हास्य के कई तीर छोड़े। उन्होंने अपने प्रसिद्ध कविता पापा ने हैप्पी बर्थडे पर मोबाइल मंगवाया था, पढ़ेगी बेटी-बढ़ेगी बेटी सोच किस्तों में दिलवाया था। पढ़ती नहीं पढ़ाती थी, दिनभर रील बनाती थी, पढ़कर बेटियों को सावधान करते हुए मोबाइल के दुरुपयोग को लेकर कई बड़ी बात कही। तङपश्चात देश के किसानों की वास्तविक पीड़ा को उजागर करते हुए काव्य पाठ किया। वहीं पद्मश्री सुरेंद्र दुबे ने अपने नए अंदाज में पुराने कविताओं को पढ़कर श्रोताओं को खूब हंसाया एवं अपनी उम्र बढ़ाने में कुरुद का हाथ होने की बात कहते हुए कुरुद की जन्मपत्री उनके हाथ मे होने और अजय चंद्राकर को अगला मंत्री होने की बड़ी बात कह दी।

### हमारे धार्मिक मूल्य, संस्कृति व परंपरा ही असली पहचान है : अजय



मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि किसी भी नगर या देश की पहचान वहां की भौतिक निर्माण से नहीं अपितु वहां की संस्कृति व परंपरा से होती है। हमारी असली पहचान यहां के धार्मिक मूल्य, संस्कृति व परंपरा से है। यह देश अपनी तमाम दुर्बलताओं को छोड़कर अपनी संस्कृति से फिर से गर्वित हो रहा है। जिस प्रकार समकालीन इतिहास के दौर से किसी शहर या देश का त्योहार जाना जाता है ठीक वैसे ही हमारा शहर भी स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी आयोजन की निरंतरता तभी सार्थक होती है जब वहां भीड़ के मुकाबले सुधि श्रोताओं की उपस्थिति दिखे। उन्होंने होली की बधाई देते हुए विश्वास दिलाया कि ऐसे आयोजन होते रहेंगे बशर्ते भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सहेजने में सभी का योगदान दिखे।

## उमंग और भाईचारे के साथ मना होली का पर्व



- नगाड़ों की थाप पर फाग गीत गूंजे, एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बांटी पर्व की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर में इस वर्ष भी होली का पर्व उत्साह और सौहार्द्र के साथ मनाया गया। होलिका दहन की पावन रात्रि को विभिन्न मोहल्लों में विधिवत रूप से होलिका दहन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने अग्नि को साक्षी मानकर बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। होली के दिन सुबह से ही नगर में रंगों की धूम रही। नगाड़े की थाप पर फाग गीत गूंजते रहे, और नगरवासियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। बच्चों और युवाओं में होली को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने रंग-बिरंगे अबीर-गुलाल उड़ाकर आनंद उठाया। इस बार भी नगर पंचायत परिसर में नगर पंचायत द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पार्षदगणों एवं नगरवासियों ने संगीत, नृत्य और रंगों के साथ होली का आनंद लिया। प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश दिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने भी अपने निवास स्थान से लेकर पूरे नगर में भ्रमण कर लोगों को होली की बधाई दी और पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया। नगर में शांति और सौहार्द्र बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा प्रभावी व्यवस्था की गई थी, जिसके चलते होली का पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हुआ।

## परसट्ठी में हुआ कोसरिया यादव समाज का वार्षिक सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

छग कोसरिया यादव समाज मधुबन परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन करेली बड़ी पाली अंतर्गत ग्राम परसट्ठी में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद थीं।

विशिष्ट अतिथि विरेंद्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड, वीणा डेमू साहू जिपं सदस्य, अनीता सुभाष देशमुख सदस्य जपं मगरलोड, टोमनलाल साहू सरपंच परसठ्ठी, डॉ अजय यादव प्रदेशध्यक्ष, जोहन यादव जिलाध्यक्ष यादव समाज, मनीराम यादव अध्यक्ष फिंगेश्वर परिक्षेत्र, छन्नूराम यादव, शोभित यादव, बलराम यादव अध्यक्ष धमतरी परिक्षेत्र, लीलाराम यादव कुरूद परिक्षेत्र, अध्यक्षता फग्गूराम यादव अध्यक्ष यादव समाज मधुबन परिक्षेत्र, रामजी यादव उपाध्यक्ष यादव समाज, महामंत्री मिलउ यादव, संगठन मंत्री गौतम यादव, संरक्षक केशोराम यादव, सचिव कन्हैया यादव, सहसचिव मोहन यादव, कोषाध्यक्ष डोमार यादव, मीडिया प्रभारी रवि यादव, लीलाराम यादव, बिसहत यादव, आशाराम यादव, दुजराम यादव, दयाराम यादव, सभापति संतोष यादव, तिलेश्वर यादव, रामानंद यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## मेहनत और समर्पण के लिए जाना जाता है निर्मलकर समाज : ज्योति





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

झिरिया बरेठ निर्मलकर समाज की बैठक विधायक निधि से नवनिर्मित भवन में हुई। अतिथियों को सम्मान चिन्ह भेंट किया गया। अध्यक्ष को पौधा दिया गया। नपं अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने कहा कि निर्मलकर समाज अपनी मेहनत और समर्पण के लिए जाना जाता है लेकिन आधुनिकता और शहरीकरण के कारण इसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि समाज के लोगों को आधुनिक लॉन्ड्री सेवाओं में प्रशिक्षण देकर उनकी आय के स्त्रोत को विधिवत किया जा सकता है। शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार और समाज को मिलकर काम करना चाहिए। नशापान से दूर रहने का प्रयास हो। समाज के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। सम्मेलन में प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, निवर्तमान अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन, भारती साहू,पार्षदगण चांदनी साहू, गौतमी पटेल, भूपेश्वरी चंदेल, छबिलाल निर्मलकर, झम्मन साहू, भूपेंद्र यादव, मेघनाथ साहू, हितेंद्र साहू, केदार निर्मलकर, सुशीला निर्मलकर, लक्ष्मी निर्मलकर, किशुन निर्मलकर, मेघनाथ निर्मलकर, बसंत, गोवर्धन, दीनू निर्मलकर, दिनेश, संत निर्मलकर एवं परिक्षेत्र के समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जयनारायण बाघमार ने किया।

## बीएसएफ में चयनित मधु का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

पीएमश्री प्राशाला अरौद में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मंदरौद के बीएसएफ में चयनित मधु यादव का सम्मान किया गया।

उन्होंने अपनी सफलता की कहानी को बच्चों के बीच साझा किया। होली मिलन में बच्च कृष्णराधा की वेशभूषा में नजर आए। गांव के बुजुर्गों द्वारा रहस गान के साथ नृत्य किया गया जिससे बच्चे हमारे पारंपरिक गान व नृत्य से जुड़े व एक दूसरे पर रंग भी लगाए।

होली मिलन समारोह में टीकम यादव, गुलाब साहू अध्यक्ष एसएमसी एसएमसी शाला विकास समिति अरौद खेलन सेन, पार्वती, प्रधानपाठिका पुष्पलता यादव, लुकेश्वरी दीवान, यशवंत कंवर एवं प्रमोद ध्रुव समेत अन्य मौजूद थे।

## जनप्रतिनिधियों ने जमकर खेली होली



नगरी : भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने परिवार और मित्रजनों के साथ खूब होली खेली।



जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने अपने निवास स्थान सांकरा में क्षेत्रवासियों के साथ होली मनाई।



नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा और नगर व्यवस्था समिति अध्यक्ष नन्द यादव ने होली का त्योहार मनाया।



स्वच्छता दीदियों ने महिला पार्षद चैलेश्वरी साहू के साथ जमकर होली खेली।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलकूद का आयोजन

**नगरी।** ग्राम छिपली में महिला स्वसहायता समूह और नवनीत महिला मंडल ठाकुरदेव पारा के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रस्साखींच, कुर्सी दौड़, हंडी फोड़, भाषण, कविता लेखन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों को जनपद पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य दुर्गेश नंदिनी साहू, सरपंच लिकेश्वरी पोटाई व अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### आज होली मिलन एवं फाग कार्यक्रम

**कुरूद।** होली के अवसर पर 17 मार्च को अजय हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा एक विशेष आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होगा। इस आयोजन में होली के रंगों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी लोक संगीत और फाग गीतों का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य सामाजिक एकता, सामुदायिक सौहार्द्र और भारतीय संस्कृति के महत्व को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग और स्थानीय निवासी शामिल होंगे। फाउंडेशन ने यह सुनिश्चित किया है कि इस आयोजन के दौरान सभी को एक सुरक्षित और आनंदित वातावरण प्रदान किया जाए। अजय हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने सभी को सपरिवार आमंत्रित किया है, ताकि यह आयोजन रंगों, संगीत और एकता का बेहतरीन संगम बने। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्ग को एक मंच पर लाकर उनके बीच सद्भावना और भाईचारे को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

### मां की स्मृति में बच्चों को कराया न्योता भोज



**मगरलोड।** ग्राम गिरौद निवासी टलेश्वर साहू ने सरपंच बनने एवं अपनी मां स्व. श्रीमती निर्मलादेवी साहू की स्मृति पर शासकीय प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल एवं शासकीय हाईस्कूल गिरौद के बच्चों को न्योता भोज के रूप में खीर-पूड़ी, बड़ा, दाल-चावल खिलाया। इस अवसर पर खोमेश्वरी साहू, दयानंद साहू, केशर साहू, विद्या निषाद, टिकेश्वरी साहू, डलेश साहू, टीमा निषाद, टिकेश्वरी साहू, नोहर निषाद, प्राथमिक प्रपा चंद्रशेखर सेन, माखन साहू, कमलनारायण निषाद, कामता साहू, नेमीन साहू, संगीता माध्यमिक शाला के शिक्षक श्यामलाल साहू, गीता साहू, कुलेश्वर साहू, हरेंद्र साहू, देवकी साहू, हाईस्कूल प्राचार्य विजय टंडन, चंद्रशेखर देवगण, रूपा निर्मलकर, बलीराम दीवान, पूजा साहू, लोचन साहू उपस्थित थे।

### भुनेश्वरी ने संभाला लिमतरा पंचायत का दायित्व



**धमतरी।** ग्राम पंचायत लिमतरा में नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी गोपाल साहू ने अपना पदभार संभाला। इस दौरान उप सरपंच पंकज कुमार साहू सहित पंचगण वीरेंद्र ध्रुवंशी, दानेश्वरी, रामकुमार, नीलेशवर,रितेशवरी, चित्ररेखाचंद्राकर, सीमाबाई, डामेश्वरी, खुशीदेवी, रमशीला, राधा साहू, ऋषिकुमार साहू, तामेशवरी साहू उपस्थित थे। सचिव टेकराम साहू, रोजगार सहायक जीतराय साहू तथा पंचायत भृत्य प्यारेलाल यादव का सहयोग रहा। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जनपद सदस्य ब्रजेश जगताप भी शामिल हुए। सभी प्रतिनिधियों ने एक साथ मिलकर ग्रामीण विकास को गति देने की बात कही। मौके पर ग्रामीण अध्यक्ष द्वारिका साहू, कार्तिक राम, घनश्याम सिंह साहू, चेमनलाल, परसराम, रामलखन, हरदेव चंद्राकर, फगेश्वर, भेषकुमार, आदेश साहू, कैलाश, मुरलीधर, रवि ध्रुवंशी, दयालुराम, गोविंद यादव, इंदल कुमार डोमनलाल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

मुनगा, ढेंस, कोचई, ग्वारफल्ली, मेथी, धनिया 100 रुपए किलो

# थोक मंडी बंद रहने से चिल्हर बाजार में हरी सब्जियों के दाम बढ़े

**इतवारी बाजार अपडेट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

होली त्योहार के चलते श्यामतराई थोक सब्जी बाजार शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को तीन दिनों के लिए बंद रहा। आज सोमवार को मंडी में साप्ताहिक अवकाश रहेगा। इससे शहर के चिल्हर बाजार में हरी सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। रेट बढ़ने से आम उपभोक्ताओं को जेब ढीली करनी पड़ रही है। सब्जी विक्रेता बचत सब्जी को अधिक दाम में बेच रहे हैं, वहीं अंचल के गांवों से आने वाली सब्जियों का रेट बढ़ा हुआ है। मंगलवार को मंडी खुलने के बाद लोगों को राहत मिलेगी।



शहर के इतवारी बाजार में शाम को 4 बजे ग्राहकों की संख्या कम थी, इसके बाद भी सब्जियों के रेट बढ़े हुए थे। लोगों ने मजबूरी में अधिक दाम पर सब्जी खरीदी। सब्जी विक्रेता देवकुमार सोनकर ने बताया कि रविवार को मेथीभाजी, धनिया, मुनगा, ढेंस, कोचई, ग्वारफल्ली 100 रुपए किलो बिका। हरी मिर्च, तोरई, अदरक, परवल, कटहल 80 रुपए किलो रहा। करेला, शिमला, मटर 60 रुपए किलो बिका। गाजर, कुंदरू, बरबट्टी, गोभी, डोड़का 50 रुपए किलो रहा। भिंडी, केला, सेमी 40 में बिका तो भटा, कुम्हड़ा, पत्तागोभी, मूली 30 रुपए किलो रहा। टमाटर, लौकी, मूली, नवलगोल 20 रुपए किलो बिका। किराना सामानों में आलू 25, प्याज 35, शक्कर 45, गुड़ 48, हल्दी 150-200, मिर्च 200-300, धनिया 100, जीरा 280, काली मिर्च 780, लहसुन 100, तेल रिफाइंड 135, सरसों 80, मेथी 85, राहर दाल 120, मूंगदाल 110, उड़ददाल 110, मसूरदाल 85, काबुली चना 120, मटर 60, चनादाल 90, पोहा 50 रुपए किलो तथा अंडा 65 रुपए दर्जन रहा।

# जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र के पेंडिंग प्रकरण निपटे

- महापौर रामू रोहरा के निर्देश पर कर्मचारियों ने आवेदनों का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

महापौर रामू रोहरा के निर्देश के बाद नगर निगम में लंबे समय से पेंडिंग जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र के प्रकरण निपटाए गए। निगम प्रशासन ने विशेष अभियान चलाकर सभी अटके आवेदनों का निराकरण कर दिया है।

विदित हो कि नगर निगम कार्यालय के जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र कक्ष में हितग्राहियों की सुबह से लेकर शाम तक काफी भीड़ रहती थी। लोग घंटों खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करते थे। कई बार तो तय तिथि तक काम नहीं होता था, लोग मायूस होकर घर चले जाते थे। दूसरे दिन कार्यालय आकर फिर कतार में लगे रहते थे। महापौर ने इसे संज्ञान में लेकर त्वरित पहल करने के निर्देश



दिए और फाइलों को निपटाने बड़ा कक्ष उपलब्ध कराया ताकि लोगों को दिक्कत न हो। छोटा कक्ष के कारण काम प्रभावित होता था। नागरिकों को लंबी कतारें लगानी पड़ती थीं। अव्यवस्था के कारण नागरिक परेशान रहते थे। लेकिन अब महापौर की पहल पर बड़े हाल में काम व्यवस्थित तरीके से निपटाए जा रहे हैं। महापौर के निर्देश पर कर्मचारियों ने तेजी से काम किया और पेंडिंग सभी आवेदनों का सप्ताह भर के अंदर निपटारा किया। महापौर ने कहा कि नागरिकों को सर्वोच्च सुविधा देना उनकी टीम की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि शहरवासियों को निगम में किसी भी काम के लिए अब दिक्कतें नहीं आएंगी। इधर लंबे समय से परेशान नागरिकों ने अपना दस्तावेज प्राप्त कर महापौर की इस पहल की सराहना की।

# कृदत्त कॉलोनी में होली पर्व की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर की कृदत्त कॉलोनी में होली का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। त्योहार मनाने सभी कॉलोनीवासी एक जगह इकट्ठे हुए। एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाया एवं गले मिलकर पर्व की शुभकामनाएं दी। मुंह मीठा भी कराया। होली के गानों पर खूब थिरके। छत्तीसगढ़ी, भोजपुरी, उड़िया गानों पर ठुमके लगाए। महिलाएं एवं बच्चे रंग गुलाल से सराबोर नजर आए। घरों में बने व्यंजन लाकर खाने का मजा एक साथ लिया।

13 मार्च को कॉलोनी में विधिविधानपूर्वक होलिका दहन किया गया। नगाड़ा बजाकर फाग गीत गाया। नगाड़ा और साउंड सिस्टम बजाकर नृत्य संगीत का मजा लिया। इस अवसर पर जयंत साहू, प्रियतोष जाधव, रामभवन कुशवाहा, चन्द्रकांत वाही, उमेश कुमार सिंह, अरूण गुप्ता, राकेश जाधव, जनकराम साहू, टेकराम मढ़रिया, उमेश साहू, गोपालराव रणसिंह, डॉ. भूपेन्द्र साहू, सोमनाथ ढीमर, होमेश चन्द्राकर, गौरव चन्द्राकर, कमलेश साहू, नेगूराम साहू, सरिता कुशवाहा, रितु जाधव, रूचि जाधव, नीता रणसिंह, साधना साहू, सीमा सिंह, विनीता गुप्ता, कविता साहू, प्रवीण यादव, सुमित भोसले, दीपमाला चन्द्राकर, शैली सिंह, विजयलक्ष्मी साहू, साक्षी साहू, प्राची साहू, भुवनेश्वरी साहू, कंचन साहू, दीक्षा साहू, गिरिजा साहू, अनुराधा साहू, धामेश्वरी साहू,पप्पू साहू, देवेन्द्र डड़सेना, रानी डड़सेना, उमेश सिंह बशिष्ट, वंदना सिंह, हेमंत नीतू डेकाटे, प्रदीप यादव, उमाशंकर मढ़रिया, होमेश्वर चंद्राकर, मोनू कुशवाहा, रवि कुशवाहा, विशाल जाधव अयांश सिंह, गेविश साहू, हेरथ,सिम्मी आदि उपस्थित थे।





# प्रो. तुकेश्वर न्यायालय से हुए दोषमुक्त

- युवती का पति मनभावन कहरा भी दोषमुक्त, पत्नी को वापस दिलाने न्यायालय से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दुष्कर्म का आरोप सिद्ध नहीं होने पर न्यायालय ने एग्रीकल्चर कालेज के प्रो. तुकेश्वर साहू धमतरी तथा मनभावन कहरा जांजगीर को दोषमुक्त किया है।

जानकारी के मुताबिक अर्जुनी थाना क्षेत्र के एक गांव के स्कूल में पदस्थ शिक्षक दंपति ने अपनी बेटी के साथ मिलकर दुष्कर्म का आरोप लगाकर दोनों को फंसाया था। जबकी उनकी बेटी का प्रेम संबंध किसी और के साथ था। युवती ने अपने प्रेमी से आर्य समाज में शादी कर ली। युवती के माता-पिता इस शादी के खिलाफ थे। इसी बीच युवती को लेने गए माता- पिता और सबइंस्पेक्टर के समक्ष युवती ने बयान दिया कि उसने अपनी मर्जी से शादी की है। अब वे अपने पति मनभावन कहरा के साथ रहेंगी। बयान के बाद एसआई ने गवाहों और माता पिता के समक्ष उसके पति को सुपुर्दनामा किया। इस बात से नाराज होकर युवती के पिता ने अपने पुत्री को दंतेवाड़ा से ले आया। कुछ दिन बाद युवती को लेकर थाना सिटी कोतवाली में मनभावन कहरा के खिलाफ जबरदस्ती करने का आरोप लगाकर एफआईआर करवाई। पुलिस जांच पश्चात मनभावन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इस दरम्यान युवती दो माह की प्रेगनेंट थी, जिसे उनके पिता ने अवैध रूप से गिरवा दिया। युवती का पिता अपनी पुत्री की शादी कृषि कालेज के प्रोफेसर तुकेश्वर साहू धमतरी से करना चाहता था। प्रोफेसर को मोहरा बनाकर उन पर शादी के लिए दबाव बनाया। प्रोफेसर ने कहा कि युवती किसी और से प्रेम करती है। यह शादी नहीं हो सकती। इससे नाराज शिक्षक पिता ने तुकेश्वर के खिलाफ थाने में झूठी शिकायत कर उसे जेल भेजवा दिया। न्यायालय ने आरोप सिद्ध नहीं होने पर प्रो. तुकेश्वर साहू धमतरी एवं युवती के पति मनभावन कहरा जांजगीर को दोषमुक्त करते हुए जेल से रिहा करने का आदेश दिया। इधर मनभावन कहरा ने अपनी पत्नी को वापस दिलाने जांजगीर चांपा के फैमिली कोर्ट में आवेदन दिया है तथा न्यायालय से न्याय दिलाने की गुजारिश की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

# मारपीट और दुर्घटना के दर्जनभर मामले घायलों का अस्पताल में उपचार जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

होली त्योहार के दौरान मारपीट तथा दुर्घटना के दर्जनों मामले सामने आए हैं। हालांकि किसी की भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है, लेकिन घायलावस्था में उपचार हो रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसान बालोदगहन गांधी चौक के पास स्कूटी और बाइक में भिंड़त हो गई। ललित साहू 36 वर्ष अपनी स्कूटी में नुपूर 13 वर्ष, चहल 10 वर्ष के साथ जा रहे थे तभी बालोदगहन के मोटरसाइकिल सवार सूर्यकांत 21 वर्ष, दिलेश्वर कोर्राम 28 वर्ष ने स्कूटी को ठोकर मार दी, जिससे दोनों व्हीकल के 4 लोग घायल हो गए। बालोदगहन निवासी ललित साहू को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है। नगर पंचायत आमदी में दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। जिसमें महेंद्र ध्रुव 25 वर्ष, विरेंद्र साहू 35 वर्ष ग्राम आमदी तथा करेठा निवासी मनोज 42 वर्ष, भोयना निवासी जयराम नेताम घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य सड़क हादसे में ग्राम कंवर का कुलेश्वरराम सिन्हा घायल है। होली के हुड़दंग में मारपीट भी जमकर हुई है। ग्राम भोयना के युवक तिलक गोंड 21 वर्ष को गांव के चमन, मोंटी, तुषार समेत 6-7 युवकों ने घर से बाहर बुलाया और उसकी पिटाई कर दी। इससे तिलक के सिर पर गंभीर चोट पहुंची है। ग्राम चिचबोड़ के साहिल साहू 18 वर्ष, मनीष साहू 23 वर्ष मारपीट में जख्मी हुए हैं। उनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। हटकेशर वार्ड धमतरी के तुरेंद्र लहरे 23 वर्ष की तीन लोगों ने पिटाई कर दी। तुरेंद्र को गंभीर अवस्था में रायपुर अस्पताल रिफर किया गया है। ग्राम सांकरा के चंद्रभान गोंड 40 वर्ष मारपीट से घायल हो गया है। रविवार की सुबह विंध्यवासिनी वार्ड में नोहित फूटान 18 वर्ष की बालक स्कूल मैदान में 3-4 लड़कों ने लाठी, बैट से मारपीट की है। उससे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### नवविवाहिता ने लगाई फांसी

केरेगांव थाना अंतर्गत ग्राम बनबगौद की नवविवाहिता क्षमता मानिकपुरी पति तरूणदास मानिकपुरी 24 वर्ष ने 14 मार्च को अपने घर में फांसी लगा ली। उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। डाक्टरों ने जांच पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया।

**मेयर इन काउंसिल के आठ सदस्यों को बांटी गई जिम्मेदारी**

# नीलेश को स्वास्थ्य, विजय को आवास



हिमानी साहू | नीलेश लुनिया | विजय मोटवानी | अखिलेश सोनकर



श्यामलाल नेताम | विभा चंद्राकर | नरेंद्र रोहरा | युगल किशोर यादव

**धमतरी।** सभापति की नियुक्ति के बाद महापौर जगदीश रामू रोहरा ने एमआईसी (मेयर इन काउंसिल) टीम का गठन किया है। इस टीम में 8 सदस्य हैं। इस टीम में श्रीमती हिमानी भागवत साहू को विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नीलेश लुनिया को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, विजय मोटवानी को आवास एवं पर्यावरण तथा लोक निर्माण विभाग, अखिलेश लक्ष्मीनारायण सोनकर को जलकार्य विभाग, श्यामलाल नेताम को राजस्व एवं बाजार सलाहकार समिति, श्रीमती विभा चंद्राकर को शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग, नरेंद्र रोहरा को पुनर्वास तथा नियोजन विभाग तथा युगल किशोर यादव को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग का सभापति बनाया गया है।



### होली पर्व पर हुई निबंध लेखन स्पर्धा

**धमतरी।** शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया के मार्गदर्शन में हिन्दी विभाग की अतिथि व्याख्याता तीजन साहू द्वारा छात्राओं में लेखन कौशल का विकास करने के लिए होली मानने के परम्परागत स्वरूप में होने वाले परिवर्तन का पर्यावरण पर प्रभाव विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रा नेहा सिन्हा प्रथम, गुंजा साहू द्वितीय एवं करीना गोटा तृतीय रही। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक मधुमाधव देव, दामिनी ठाकुर, रोली जांगड़े, डॉ. सुषमा साहू, डॉ. जयश्री रणसिंह ने अपना योगदान दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर परामर्श हेतु उपलब्ध
18 मार्च, मंगलवार, गायत्री मंदिर, कुरूद
19 मार्च, बुधवार, सूरज मेडिकल, धमतरी
समय - सुबह 10 से 3 बजे तक
असाध्य रोग मिटाओ
होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान
यदि आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है तो कृपया एक बार अवश्य मिलें
मूत्र एवं किडनी रोग ओपीडी
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH),
UTI बार बार इंफेक्शन Pus Cell बनना।
- अंडकोष में सूजन (Hydrocele), Varicocele) पथरी
- मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर, धार, बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना,
- रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, पेशाब कपड़े में ही छूट जाना लिकेज होना।
- ऐसा लगता है पेशाब अधूरा है और करने की इच्छा होती है।
- पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना
- यौन कमजोरी Erectile Dysfunction शुक्राणु की कमी
- क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर